# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,

उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बथुआ गाँधीघाट नकहरा रोड, मीरजापुर।

**Email Id- jalnigam3@gmail.com** **Mo. No.- 9473942677**


सेवा में,

जिलाधिकारी महोदय,
मीरजापुर।

पत्रांक 9776 / एम–6 / 158 दिनांक 05.08.2026

विषयः– **जनपद मीरजापुर के दैनिक भाष्कर ई–समाचार पत्र में दिनांक 04.08.2026 को ''आधे से ज्यादा गावों में नहीं मिल रहा पानीः माधोपुर के जल जीवन मिशन का पानी नहीं, ग्रामीण परेशान, डीएम से शिकायत'' शीर्षक से प्रसारित समाचार की आख्या।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक के संबंध में अवगत कराना है कि जनपद मीरजापुर के दैनिक भाष्कर ई–समाचार पत्र में दिनांक 04.08.2026 को ''आधे से ज्यादा गावों में नहीं मिल रहा पानीः माधोपुर के जल जीवन मिशन का पानी नहीं, ग्रामीण परेशान, डीएम से शिकायत'' शीर्षक शिकायत प्राप्त हुई है। अवगत कराना है कि विकास खण्ड पहाड़ी में दांती ग्राम समूह पेयजल योजना–भूजल स्रोत द्वारा जलापूर्ति की जाती है। समाचार पत्र में वर्णित ग्राम छटहा में कुल 199 नग हाउस कनेक्शन प्रदान किये गये है जिसके सापेक्ष 60 प्रतिशत से अधिक हाउस कनेक्शन में जलापूर्ति की जा रही है। शेष 40 प्रतिशत हाउस कनेक्शनों में पाइप लाइन चोकेज होने के कारण जलापूर्ति बाधित है, चोकेज मरम्मत का कार्य प्रगति पर है दिनांक 25.08.2026 तक सही कराकर जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी। ग्राम कातोपुर में कुल 66 नग हाउस कनेक्शन प्रदान किये गये है जिसके सापेक्ष 70 प्रतिशत से अधिक हाउस कनेक्शन में जलापूर्ति की जा रही है। शेष 30 प्रतिशत हाउस कनेक्शनों में पाइप लाइन चोकेज होने के कारण जलापूर्ति बाधित है, चोकेज मरम्मत का कार्य प्रगति पर है दिनांक 14.08.2026 तक सही कराकर जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी। ग्राम धर्मदेवा में कुल 341 नग हाउस कनेक्शन प्रदान किये गये है जिसके सापेक्ष 85 प्रतिशत से अधिक हाउस कनेक्शन में जलापूर्ति की जा रही है। शेष 15 प्रतिशत हाउस कनेक्शनों में पाइप लाइन चोकेज होने के कारण जलापूर्ति बाधित है, चोकेज मरम्मत का कार्य प्रगति पर है दिनांक 25.08.2026 तक सही कराकर जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी। ग्राम पैडापुर में कुल 57 नग हाउस कनेक्शन प्रदान किये गये है जिसके सापेक्ष 80 प्रतिशत से अधिक हाउस कनेक्शन में जलापूर्ति की जा रही है। शेष 20 प्रतिशत हाउस कनेक्शनों में पाइप लाइन चोकेज होने के कारण जलापूर्ति बाधित है, चोकेज मरम्मत का कार्य प्रगति पर है दिनांक 20.08.2026 तक सही कराकर जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी एवं ग्राम माधोपुर में कुल 352 नग हाउस कनेक्शन प्रदान किये गये है जिसके सापेक्ष 85 प्रतिशत से अधिक हाउस कनेक्शन में जलापूर्ति की जा रही है। शेष 15 प्रतिशत हाउस कनेक्शनों में पाइप लाइन चोकेज होने के कारण जलापूर्ति बाधित है, चोकेज मरम्मत का कार्य प्रगति पर है दिनांक 20.08.2026 तक सही कराकर जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी।

भवदीय

(विश्वजीत)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1 मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2 मुख्य विकास अधिकारी, मीरजापुर।
3 जिला सूचना अधिकारी, मीरजापुर।

अधिशासी अभियन्ता